विधान सभा प्रश्न

विभाग का नाम	राजस्व विभाग
तारांकित प्रश्न संख्या	1356
उत्तर की तिथि	13–02–2019
विषयः	राजस्व के लम्बित मामले
प्रश्नकर्ता का नाम	श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)
सम्बन्धित मंत्री	माननीय मुख्य मंत्री।

प्रश्न

(क) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक मण्डल आयुक्त कांगड़ा डिविजन के अन्तर्गत जिला ऊना के राजस्व सम्बन्धित कितने मामले लंबित हैं तथा कितनों को निपटारा किया गया ;

(ख) इस अवधि में कितनी बार राजस्व मामलों से सम्बन्धित सुनवाई की गई और कितनी बार दौरा स्थगित होने के कारण सुनवाई नहीं हुई; और

(ग) मण्डल आयुक्त कांगड़ा द्वारा भूमि राजस्व अधिनियम में बदलाव करने हेतु सुझावों पर सरकार क्या कार्रवाई कर रही है?

उत्तर

क, ख, ग

सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।

श्री सतपाल सिंह रायजादा विधायक (ऊना) द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्याः 1356 से सम्बन्धित उत्तर :–

(क) 15 जनवरी, 2019 तक मण्डल आयुक्त कांगड़ा मण्डल स्थित धर्मशाला के पास ऊना जिला के राजस्व सम्बन्धित 1360 मामले लम्बित हैं। 3 मामलों का निपटारा किया गया है।

(ख) इस अवधि के दौरान राजस्व मामलों की एक बार सुनवाई की गई और 31 बार दौरा स्थगित होने के कारण सुनवाई नहीं की जा सकी।

(ग) यह मामला अभी सरकार के विचाराधीन है।